हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जून 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन शुरू, छह को आएगी पहली मेरिट सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की खिड़की खोल दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार छात्र विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी पसंदीदा कक्षाओं के लिए निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही जिले के युवाओं में कॉलेज की सीटों को लेकर उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखा जा रहा है। बारहवीं के नतीजे आने के बाद से ही छात्र इस प्रवेश प्रक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

राजनांदगांव जिले में उच्च शिक्षा का एक मजबूत ढांचा मौजूद है, जहां वर्तमान में लगभग 31 संबद्ध कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इनमें 19 शासकीय महाविद्यालय और 12 निजी क्षेत्र के कॉलेज शामिल हैं, जो विभिन्न प्रकार के पारंपरिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। जिले के सबसे प्रतिष्ठित शासकीय दिग्विजय स्वाशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पहले ही स्थानीय स्तर पर आवेदन शुरू हो चुके हैं और अब विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से जिलेभर की कुल सत्रह हजार से अधिक सीटों पर दाखिले की होड़ शुरू होगी। प्रवेश के लिए इस वर्ष भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू रहेगा। पंजीकरण की प्रक्रिया जुलाई के पहले सप्ताह तक जारी रहेगी। जिसके तुरंत बाद कॉलेजवार प्रथम मेरिट सूची जारी की जाएगी। प्रवेश के समय छात्रों को मेरिट और आरक्षण नियमों के आधार पर सीटें आबंटित की जाएगी।

## जिले की 31 कॉलेजों में 17 हजार से अधिक सीटों पर होगा दाखिला, जुलाई चलेगी प्रक्रिया

### आवेदन के लिए 5 जुलाई तक समय

ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत 16 जून से हो गई है। विद्यार्थियों के पास आवेदन करने के लिए लगभग एक पखवाड़े का समय दिया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि पांच जुलाई निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 6 जुलाई को कर दिया जाएगा। जिसके बाद दाखिले के लिए समय दिया जाएगा। उसके बाद रिक्त सीटों के लिए दोबारा मेरिट सूची जारी होगी। ग्रामीण अंचल के छात्र अपने नजदीकी चॉइस सेंटर या मोबाइल के माध्यम से भी आसानी से फॉर्म भर सकते हैं। पहले चरण की सूची जारी होने के बाद रिक्त सीटों की स्थिति को देखते विश्वविद्यालय द्वारा दूसरे चरण के लिए भी पोर्टल दोबारा खोला जा सकता है।




### सरकारी कॉलेजों की डिमांड अधिक

जिले में लगभग 19 सरकारी एवं 12 निजी कॉलेज हेमचंद विश्वविद्यालय से संबंधित है। इनमें 19 शासकीय महाविद्यालय लगभग 11 हजार सीटों पर दाखिला होना है। वहीं 12 निजी महाविद्यालय में छह हजार सीटें हैं। ऐसे जिले में कुल 31 कॉलेजों में 17 हजार से अधिक सीटों पर बच्चों का दाखिला होगा। दाखिले के दौरान विद्यार्थियों से प्रमाण पत्र भी लिए जाएंगे, जिन दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ने वाली है, उनमें दसवीं और बारहवीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र और माइग्रेशन के साथ ही जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ेगी। आवेदन करते समय छात्रों को विषय और कॉलेज का चयन बेहद सावधानी से करने की सलाह दी गई है।

## पहले दिन नहीं हुआ आदेश का पालन, राष्ट्रगान के साथ ही प्रारंभ हुई कक्षाएं

# शिक्षा सत्र के पहले ही दिन एप ठप तेज धूप में बच्चों को आया चक्कर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल विशेष

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से नया शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारंभ हो गया है। पहले दिन ही स्कूलों में अव्यवस्था दिखाई दी। कक्षाओं में साफ-सफाई का अभाव सहित बच्चों की कम उपस्थिति से शाला प्रवेश का उत्साह नजर नहीं आया। वहीं शिक्षकों की हाजिरी के लिए तैयार किए गए विद्या समीक्षा केंद्र एप भी पहले ही दिन फेल हो गया। सर्वर की दिक्कतों के चलते शिक्षकों की हाजिरी ही नहीं लग पाई। वहीं 42 डिग्री तापमान का असर भी देखने को मिला। कई स्कूलों में छोटी उम्र के बच्चों को चक्कर आने की शिकायतें सामने आई।

ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने पर नए शिक्षा सत्र में बच्चों के स्कूल पहुंचने के दौरान कहीं भी उनका स्वागत सत्कार दिखाई नहीं दिया। वहीं शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन भी नहीं किया गया। नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से जारी निर्देशों में स्कूल प्रारंभ होने के दौरान राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, गायत्री मंत्र, गुरु मंत्र और महापुरूषों की जीवनी पर व्याख्यान होना था, लेकिन स्कूलों में इसका पालन नहीं हुआ। कुछ स्कूलों में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के बाद कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई। भोजन अवकाश के दौरान भी भोजन मंत्र नहीं किया गया। वहीं छुट्टी के वक्त भी राजकीय गीत, गायत्री मंत्र, शांति मंत्र आयोजित नहीं हुआ।





### समय को लेकर रहा असमंजस

स्कूल खुलने के समय को लेकर बच्चों में असमंजस की स्थिति रही। 16 जून से स्कूल खुलने के बाद पूर्व निर्धारित समय पर ही बच्चे अपने स्कूल पहुंचे, लेकिन स्कूलों में ताला लटका रहा। लखोली सहित कई अन्य स्कूलों में बच्चे सुबह 7.30 बजे ही स्कूल पहुंच गए, लेकिन यहां स्कूल बंद मिलने से बच्चे वापस लौटने लगे।

### पांच प्रतिशत रही उपस्थिति

मानसून के सक्रिय नहीं होने के चलते तापमान में ठंडकता महसूस नहीं की जा रही है। वहीं प्रदेश में सबसे अधिक तापमान वाला जिला रहने की वजह से अभी भी उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। ऐसे में गर्मी की वजह से स्कूल के पहले दिन ही विद्यार्थियों की उपस्थिति लगभग 5 प्रतिशत ही रही। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दर्ज संख्या से आधे बच्चे भी स्कूल नहीं पहुंचे।

### किताबें स्कैन करने में भी दिक्कतें

ज्ञात हो कि पिछले साल से ही किताबों के वितरण किए जाने से पहले स्कैन करना होता है। पिछले साल भी किताबों में लगाए गए बारकोड सही तरीके से नहीं छपने के कारण स्कैन करने में दिक्कतें हो रही थी। इस बार भी पहले ही दिन से यह समस्या सामने आने लगी है। वहीं दूसरी ओर जिले के कुछ ब्लॉक में कुछ कक्षाओं की अभी किताबों का आना भी बाकी है। ऐसे में उन स्कूलों में शुरूआती दिनों में बुक बैंक का उपयोग पढ़ाई कराने के लिए किया जाएगा।

### दो पालियों के स्कूल में सुबह की कक्षाएं

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि स्कूल खुलने का निर्धारित समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है, जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं लगती है, वहां सुबह 7 बजे से स्कूल प्रारंभ होगा। वहीं अब शालाओं में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी मुनादी सहित अन्य तरीकों को अपनाया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में उपस्थिति बढ़ सके।

### हाजिरी के लिए भटकते रहे शिक्षक

इस नए सत्र से प्रदेश सरकार ने शिक्षकों की हाजिरी के लिए एक नया एप तैयार किया है। इस नए एप के जरिये ही अब शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगेगी, लेकिन यह एप पहले ही दिन फेल साबित हो गया। वहीं एप के नियम अनुसार शिक्षकों को खुले आसमान के नीचे हाजिरी लगानी है। ऐसे में पहले दिन शिक्षक हाजिरी के लिए कई मिनटों तक भटकते नजर आए।

### पहले दिन में ही आदेश का पालन नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से जारी प्रार्थना मंत्रों के आदेशों का पालन नहीं किए जाने को लेकर शहर के स्टेट हाईस्कूल के प्राचार्य माधव सिंह ने कहा कि आज पहला दिन था, इसलिए रूटीन में होने वाली प्रार्थना की गई है। उन्होंने कहा कि कल से जारी आदेश के अनुसार प्रार्थना सभा आयोजित होगी। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति को लेकर कहा कि गर्मी की वजह से बच्चे काम आए हैं।

## पहले 17 करोड़ रुपए फूंके, भ्रष्टाचार के कई आरोप

# रानीसागर के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 40 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

ऐतिहासिक रियासतकालीन बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण के नाम पर रुपयों की बर्बादी किस तरह से की जाती है, यह बूढ़ासागर को देखकर समझ जा सकता है। बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 17 करोड़ रुपए की धन राशि खर्च हुई, लेकिन बूढ़ासागर अभी बदहाली के आंसू बहा रहा है।

यहां बाउंड्रीवॉल अवैध विज्ञापन लगाने का स्थान बन गया है। वहीं परिक्रमा पाथवे भी अधूरे निर्माण के चलते अनुपयोगी पड़ा हुआ है, कृत्रिम झरना अपने निर्माण अवधि के बाद से ही खराब होकर बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा बूढ़ासागर में तैरता हुआ दो फौव्वारा भी लगाया गया था, जो महज सप्ताहभर चलने के बाद से गायब हो गया है। वहीं बूढ़ासागर में जाने वाला गंदा पानी रोकने शुरू किया गया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। सौंदर्यीकरण के नाम पर बूढ़ासागर में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। जिससे उसकी दुर्गति हो गई। वहीं अब ऐतिहासिक रानीसागर के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्ययोजना स्वीकृत हुई है।



### जांच में नहीं आई आंच

बूढ़ासागर में हुए भ्रष्टाचार की जांच को लेकर कमेटी भी बनाई गई, लेकिन भ्रष्टाचार की जांच में भ्रष्ट अधिकारी और नेताओं पर आंच तक नहीं आई। रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी नहीं हुई। सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार किए जाने के बाद अब यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

### सात वर्ष से अधूरा ट्रीटमेंट प्लांट

लगभग 2 करोड़ की लगात से बूढ़ासागर में नाले का गांदा पानी रोकने सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो लगभग 7 वर्षों से अधूरा है। वहीं 17 करोड़ रुपए की लागत से बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण पर भी सिर्फ रुपयों की बर्बादी की गई। वहीं अब 40 करोड़ की राशि खर्च कर रानीसागर का सौंदर्यीकरण की योजना है।

### रुपयों की बर्बादी

बूढ़ासागर में अधूरे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूरा करने कोई भी प्लानिंग दिखाई नहीं दे रही है। वहीं नाले -नालियों का गंदा पानी रोकने यहां पर बनाया गया पंप हाउस भी बंद पड़ा हुआ है। ऐसे में नाली का पानी बूढ़ासागर में समाहित हो रहा है, जिससे गंदगी हो रही है।

### एक-दूसरे पर मढ़ा भ्रष्टाचार का आरोप

बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी बूढ़ासागर को संवारा नहीं जा सका। इसमें हुए भ्रष्टाचार को लेकर दोनों ही सियासी पार्टी कांग्रेस और भाजपा ने एक-दूसरे पर आरोप मढ़ा, लेकिन दोनों ही पार्टी इस ऐतिहासिक बूढ़ासागर के साथ न्याय नहीं कर पाई।

# मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार सुस्त अच्छी बारिश के लिए करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार बीते कुछ दिनों से सुस्त पड़ गई है। यही कारण है कि जहां मानसून अब तक अंचल में दस्तक दे देना था, वह बस्तर संभाग में भी नहीं पहुंचा है। मौजूदा बनी परिस्थितियों को देखते हुए मौसम विभाग भी यह बताने में सक्षम नहीं है कि कब तक मानसून प्रदेश में अपनी दस्तक देगा। इधर बारिश की गतिविधियों में इजाफा नहीं होने के चलते अंचल में गर्मी का कहर जारी है।

आलम यह है कि राजनांदगांव जिला 42 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में इसके बहुत अधिक कम होने की संभावनाएं भी कम है।

# घर घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 14 जून को प्रार्थिया द्वारा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जून को वह अपने पति के साथ राजनांदगांव गए हुए थे, उनकी पुत्री उम्र 17 वर्ष 3 माह घर में अकेली थी। दोपहर लगभग 1 बजे पड़ोसी द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उनके घर में कोई व्यक्ति घुसा हुआ है। सूचना मिलने पर प्रार्थिया अपने पति के साथ दोपहर लगभग 2 बजे घर वापस पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खुलवाने पर आरोपी कुणाल जोशी घर में रखे कूलर के पीछे छिपा हुआ मिला। पड़ोसियों को बुलाने पर आरोपी मौके से भाग गया। प्रार्थिया द्वारा पीड़िता से पूछताछ करने पर पीड़िता ने आरोपी कुणाल जोशी द्वारा उसके साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म करना बताई।

### पुलिस ने की कार्रवाई

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 64 बीएनएस, 04 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी का पतासाजी कर चंद घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# ट्रक ने ठोका, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे लोगों को पीछे से ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो लोगों को चोंटे आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।




चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नागपुर की ओर से घुमका की ओर जा रहे बाइक सवार राकेश कुमार बंधे, महिला एवं एक बच्चा सवार होकर जा रहे थे। वे मेन रोड मक्काटोला करीपाट के पास लगभग पौने 9 बजे पहुंचे ही थे। इसी दौरान पीछे से लापरवाही से आ रही ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उक्त तीनों नीचे गिर गए। पुलिस के अनुसार इस घटना में राकेश कुमार बंधे 34 वर्ष की मौत हो गई। वहीं महिला एवं बच्चा घायल है। घटना की सूचना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# खेत में रखा था गांजा, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में बने कमरे के भीतर अवैध रूप से गांजा रखा हुआ था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 3.837 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल अपने थाना स्टॉफ के साथ अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई कर रहे हैं।

**आरोपी पर कार्रवाई:** आरोपी के विरुद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### पुलिस ने मौके पर दी दबिश

पुलिस के अनुसार 15 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भानपुरी स्थित आरोपी रमाशंकर वर्मा के खेत में बने कमरे में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान आरोपी रमाशंकर वर्मा के कब्जे से कुल 3.837 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 70,000 है, बरामद कर जब्त किया गया।

## मोदी सरकार के 12 साल होने पर बोले सांसद बृजमोहन अग्रवाल

# सरकार की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सिर्फ आंकडों का खेल नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है। सरकार ने देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे जनआंदोलन बना दिया है।

उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की यात्रा में देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी है। उनकी सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवाभाव है। वर्ष 2014 में देश ने मोदी पर भरोसा किया। वर्ष 2019 में पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उन पर मुहर लगाई और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है। इसी जन विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है।




### योजनाओं को किया साकार

उन्होंने सरकार की योजनाएं जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, जलजीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं पर प्रकाश डालते कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और मार्निंग कंसल्ट के सर्वे में 75 प्रतिशत अप्रुवल रेटिंग के साथ दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बनना हर एक भारतीय के सम्मान की बात है।

### कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ

श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य रहा है कि हर योजना का सौ प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है। सर्जिकल स्ट्राईक, एयर स्ट्राईक जैसे कार्रवाईयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता, बल्कि मुंहतोड जवाब देता है। मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है।

## खबर संक्षेप



### सिविल जज बनने पर सौनक का अभिनंदन

**अंबागढ़ चौकी।** सिविल जज परीक्षा में नगर के युवा सौनक वर्मा के सफल होने पर रविवार को नगरवासियो ने उनका नागरिक अभिंनदन किया। सौनक नगर के पहले युवा है जिन्होने सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। नगर के वार्ड 5 निवासी सौनक वर्मा की सिविल जज परीक्षा उत्तीर्ण करने पर टाउन हाल में नागरिको एवं जनप्रतिनिधियो ने नागरिक अंभिनंदन किया। वह अधिवक्ता एवं जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा के पुत्र है। अभिनंदन समारोह में अधिवक्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उसकी उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियो ने हर्ष व्यक्त किया है। समारोह में अधिवक्ता एमबी मिलींद, पूर्व विधायक संजीव शाह सहित अन्य शामिल हुए।

### नेता प्रतिपक्ष मिले कांग्रेसजनों से



**तुमडीबोड़।** नेता प्रतिपक्ष डां चरणदास महंत गत दिनों अल्प प्रवास पर विधायक दलेश्वर साहू के गृहग्राम आलीवारा पहुंचे। उन्होंने इस दौरान कांग्रेसजनों से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार चर्चा करते हुए संगठन को सक्रिय और मजबूत करने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

---

नए सत्र में मुंह खोले खड़ी है पुरानी समस्याएं, बच्चे और पालक चिंतित

# स्कूलों में बजी घंटी, बढ़ी बच्चों की चहल-पहल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

अंचल के स्कूल भी मंगलवार को खुल गए। स्कूलों के दरवाजे खुलने के बाद वहां व्याप्त समस्याएं सामने आकर खड़ी हो गई है। ब्लाक में डेढ दर्जन गांवो की प्राथमिक शालाएं एक शिक्षकीय है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड की 19 प्राथमिक शालाएं एक शिक्षकीय है। पालक सत्र शुरू होने से पहले शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। लेकिन वह सफल नहीं हो पाए है। मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार स्कूल का संचालन शुरू हो गया है पर शिक्षकों के अभाव के साथ अन्य कमियों को लेकर छात्र छात्राओं को ही नहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चिंता सता रही है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला मोहगांव, ठाकुरबांधा, बालक शाला बांधाबाजार, बूटाकसा, आश्रम शाला बूटाकसा, आश्रम शाला हज्जूटोला, साल्हे, जंतरगुंडरा, सिंघाभेडी, कलकसा, पीएम श्री प्राथमिक शाला अंबागढ चौकी, धानापायली और मालडोंगरी स्कूल एक शिक्षकीय है। बताया जाता है कि यह स्कूल पिछले साल भी एक शिक्षकीय थे।

### प्रस्ताव भेजा गया

एकल षिक्षकीय स्कूलो एवं जर्जर शालाओं की जानकारी प्रशासन को दी गई है। समस्या के निदान के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

**- एसके धीवर,** बीईओ

### आधा दर्जन भवन जर्जर

ब्लाक में आधा दर्जन स्कूल ऐसे है जहां बारिश होने पर बच्चों को टपकते छत के नीचे पढाई करनी होगी। इन स्कूलों में बारिश होते ही बच्चों की छुटटी करना पड़ जाता है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला सिंगरायटोला जर्जर हो गई है। सिंगरायटोला स्कूल भवन का टीन शेड उड़ने के कगार है। दीवारें क्रेक हो गई है। प्लास्टर उखड रहा है। इसी प्रकार प्राथमिक शाला खुर्सीटिकुल, मांझीटोला, प्राथमिक शाला मेरेगांव एवं बालक पूर्व माध्यमिक शाला अंबागढ चौकी तथा मिडिल स्कूल विचारपुर, पेंदलकुही स्कूल भी जीर्ण शीर्ण स्थिति में है।

## पहले दिन स्कूलों में रही कम उपस्थिति, शिक्षकों ने किया स्वागत

### पहले दिन कराया बच्चों का मुंह मीठा

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गर्रा के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश शोरी, सुखनंदन यादव, जनभागीदारी विकास समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष लुकेश्वरी वर्मा ने बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराया। पंच हीरूदास मौर्य, करण सिंह मरकाम, सुरेशदास रजक, नारायण कृपा समूह अध्यक्ष शांतिबाई विश्वकर्मा ने गणवेश, पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया। न्यौता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर पुड़ी आदि खिलाया गया। शिक्षक मोहित कुमार धुर्वे ने अतिथियों का स्वागत किया। शाला प्रमुख संजीव धुर्वे ने पिछले सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर राजबाई विश्वकर्मा, मुकेश साहू, चंद्रेश विश्वकर्मा, अनुसुईया विश्वकर्मा, अग्निबाई यादव, सरोजनी वर्मा, श्यामा मरावी आदि मौजूद थे।

### बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों का तिलक अभिनंदन करते हुए में मिठाई खिलाया। श्री यादव ने बच्चों को शिक्षा प्रद कहानी सुना कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, भानुप्रताप लारिया, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले, मुस्कान जैन, श्वेता गिरधर, कामेश्वरी देवांगन, दिव्या धुर्वे आदि मौजूद थे।

### बढ़ सकता है ग्रीष्मकालीन अवकाश?



भाजपा नेता टोमन साहू ने कहा है कि मौसम की स्थिति पर सरकार की नजर है और गर्मी का कहर इसी तरह जारी रहा तो सरकार अवकाश बढ़ाने का निर्णय ले सकती है। श्री साहू ने कहा कि मानसून के आगमन में विलंब होता है तथा तापमान में गिरावट नहीं आती है तो सरकार ग्रीष्मकालीन अवकाश आगे बढ़ाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गर्म हवा और उमस के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। सरकार विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा परिस्थितियों का गंभीरता से आंकलन कर रही है।

### विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**सड़क अतरिया।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात सरकारी एवं निजी विद्यालयों के पट मंगलवार को खुले। लंबे अंतराल के बाद स्कूल पहुंचे छात्रों के चेहरे खिले नजर आए। पहले दिन अधिकांश स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में प्रवेश उत्सव मनाया गया। पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षकों ने छात्रों का मुंह मीठा कर स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया।कार्यक्रम में सरपंच सोनम वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, बीएल चन्द्रवंशी, श्यामकली महोबिया, श्री सोनवानी, रंजीता राजपूत, वंदना जंघेल, गोपाल मंडावी आदि मौजूद रहे।



### गर्मी ने रोका बच्चों के कदम

**डोंगरगांव।** अंचल के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के पट ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुल गए। पहले दिन तेज गर्मी के चलते अपेक्षा से कम बच्चे स्कूल पहुंचे जिनका तिलक लगाकर और किताबें भेंट कर स्वागत किया गया। शहर सहित ब्लाक के ग्रामों में संचालित सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की चहल पहल बढ़ गई है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को बच्चे स्कूल पहुंचे हालांकि गर्मी के कारण विभिन्न स्कूलों में उपस्थिति बेहद कम रही। गर्मी के कारण उन बच्चों को परेशान होना पड़ा जिनकी क्लास दूसरी पाली में लगती है। दूसरी पाली के बच्चों को झुलसा देने वाली धूप में खड़े होकर प्रेयर करना पड़ा। गर्मी छुट्टियों के बाद पहले दिन विद्यालय पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

---

# लमती फीडर की स्वीकृति निरस्त करने की मांग

- ग्रामीणों ने विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



ग्राम पंचायत लछना आश्रित ग्राम लछनाटोला के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर लमती फीडर डेम की स्वीकृति व प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। सरंपच कमलेश वर्मा, लल्लूराम नूतमा, रमेश छेदैया, नम्मू मंडावी, अंजोरी नेताम, तेजलाल मरकाम सहित ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना के कारण बड़ी संख्या में परिवारों की कृषि भूमि और आजीविका प्रभावित होने की आशंका है।

पूर्व में प्रधानपाठ बैराज निर्माण के दौरान लछना के वार्ड 4 और 5 के लगभग 110 परिवारों की करीब 55 से 60 एकड़ कृषि भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। अब लमती फीडर डेम के प्रस्तावित निर्माण से वार्ड 1, 2 और 3 के लगभग 140 परिवार प्रभावित हो जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश परिवार कृषि पर निर्भर हैं और भूमि डूबान क्षेत्र में आने से उनके सामने रोजगार और आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि यदि बैराज की सिंचाई व्यवस्था के लिए अन्य वैकल्पिक क्षेत्रों का उपयोग किया जाए तो ग्रामवासियों की कृषि भूमि और आवास प्रभावित होने से बच सकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानपाठ बैराज का मरम्मत कराने से सिंचाई हो जाएगी और कोई किसान परिवार प्रभावित नही होगा। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन द्वारा मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो समस्त क्षेत्रवासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल को एडीएम सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि जल संसाधन विभाग ने लमती फीडर लघु जलाशय योजना को लेकर जारी निविदा अपरिहार्य कारणों से तीन दिन पहले ही निरस्त कर दी है ऐसे मे किसानों को लमती फीडर डेम से संबंधित निविदा प्रक्रिया को लेकर भ्रमित नही होना चाहिए।

# ठंडे बस्ते में बहुप्रतीक्षित बायपास सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- दो साल बाद भी जगह चयन नहीं

बोरतलाव से खैरागढ़ मार्ग पर यातायात के दबाव को देखते हुए राज्य सरकार ने 30 किलोमीटर बायपास निर्माण के लिए लगभग 40 करोड की स्वीकृति दी थी। विभागीय लापरवाही और राजनीतिक दबाव में यह योजना निरस्त होते नजर आ रही है। स्वीकृति के दो साल बाद भी सर्वे के आधार पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पुरी नहीं होने के बाद प्रस्तावित निर्माण को बजट से हटा दिया गया है।

जानकारी के अनुसार यातायात के दबाव को देखते हुए पिछले 15 साल से बायपास सडक निर्माण की मांग होते आ रही है किन्तु स्थानीय जनप्रतिनिधि इस मांग को पुरा कराने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग में भारी वाहनों की लगातार आवाजाही होती है।

इस मार्ग पर जनपद पंचायत, सिंचाई विभाग, न्यायलय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, वन विभाग, बाजार, स्कूल कॉलेज, अस्पताल, शिक्षा कार्यालय आदि के होने तथा महाराष्ट्र से रायपुर बिलासपुष्की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही होने से दुर्घटना होने की आशंका रहती है।

### जगह चयन में बीत गए दो साल

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने दो साल पहले बजट में बायपास निर्माण का प्रस्ताव शामिल किया था। लोक निर्माण विभाग ने जगह चयन करने में दो साल लगा दिया जिससे यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर मूर्त रूप नहीं ले सकी है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारी वाहनों के गुजरने से जहां एक्सीडेंट होते रहते हैं वही धूल और गरदे से लोग परेशान हैं। जेल मार्ग से अछोली तक रहने वाले लोग काफी दिक्कत महसूस करने लगे है। उन्होंने स बायपास सडक का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

# सुशासन का लाभ नहीं मिल रहा जनता को

## लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



सरकार के सुशासन तिहार के बाद भी जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं का समाधान करने के आत्मप्रशंसा करने में लगी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों किसान खाद बीज की कमी से जूझ रहे है तो युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। स्कूल और अस्पताल बदहाली का शिकार है। उन्होंने बताया कि पुरैना-कसारी, पुरैना-सहसपुर, विष्णुपुर-सेम्हरा, खुर्सीपार-सेम्हरा तथा मोहारा-सुकुलदैहान मार्ग की हालत खराब है। इन मार्गों पर आवागमन करने वालों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पुरैना से रूवातला मार्ग निर्माण में जिन किसानों की भूमि का उपयोग किया गया है उन्हे अब तक मुआवजा नहीं मिला पाया है। इसी प्रकार चौतूखपरी से रेगाकटेरा मार्ग का कार्य लंबे समय से अधूरा है।

विष्णु लोधी ने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता को लेकर जनता में भारी नाराजगी है। नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहा है। सरकार सुशासन का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ किसानों को खाद, युवाओं को रोजगार, विद्यार्थियों को शिक्षा, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

---

जिला प्रशासन चला रहा सघन अभियान

# जून में 42 गांवों में लगेगा श्रम विभाग का मोबाइल शिविर, अब तक 148 लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

श्रम विभाग छग भवन, अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल व छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए जून माह में जिले के 42 ग्रामों में निशुल्क मोबाइल कैंप शिविर आयोजित किया जा रहा हैं।

जहॉ श्रमिक अपना पंजीयन, नवीनीकरण सहित विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। श्रम विभाग ने बताया कि मंडल की योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों का पंजीयन व समय-समय पर नवीनीकरण अनिवार्य है।

शिविरों में आने वाले श्रमिकों को अपना व परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी, राशन कार्ड तथा मोबाइल नंबर साथ लाना होगा, ताकि ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।



### वनांचल क्षेत्र में अब तक 148 श्रमिकों का पंजीयन

कलेक्टर के निर्देशानुसार छुईखदान ब्लाक के वनांचल क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में अब तक कुल 148 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है। 8 जून को ग्राम झिलमिली में 20, पंडरीपानी में 5 श्रमिकों, 9 जून को रामपुर में 18, खपरीदरबार में 31 श्रमिकों, 10 जून को हाथीझोला में 7, संजारी में 9 श्रमिकों सहित 11 जून को मजगांव में 35, खाम्ही में 23 श्रमिकों का पंजीयन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। 12 से 30 जून तक वनांचल के बैगासाल्हेवारा, बरवाही, अकलकुंआ, तिरीनखपरी, मुरूम, गेरूखदान, दरियाकोन्हा, तेंदुभाठा, गातापार, मरकाटोला, जामगांव, समुंदपानी, निजामडीह, चुहरी, बसंतपुर, कुम्ही, सरोधी, नवागांव, लमरा, लछना झिरिया, काशीबहरा, भावे व जुरलाखार सहित अन्य ग्राम शामिल हैं। वहीं सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में उरतुली, सरईपतेरा, तुलसीपुर, घोटिया, केशला ग्राम पंचायतों में भी शिविर लगाया जाएगा। श्रमपदाधिकारी ने जिले के सभी पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित शिविरों में पहुंचकर अपना पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया पूरी शासन की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# प्रदेश सह प्रभारी ने ली आप की संगठनात्मक बैठक



**खैरागढ़।** आगामी नवम्बर दिसंबर महीने के चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने 9 जून से बैठकें आयोजित की जा रहीं हैं। दिल्ली के पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक व पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत के आदेशानुसार समस्त विधानसभाओं में प्रतिदिन 2 महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें आयोजित की जाएंगी जहॉ संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मज़बूती, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद, संगठनात्मक समीक्षा व आगामी चुनावी तैयारी को प्रभावी बनाने चर्चा होगी।

इसी कड़ी में प्रदेश सहप्रभारी समर कुमार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देवलाल नरेटी, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव देविंदर सिंह भाटिया, लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, जिला अध्यक्ष किसान दुर्ग रूपेन्द्र चंद्राकर, लोकसभा उपाध्यक्ष अशोक चौबे ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक समीक्षा, मार्गदर्शन तथा आगामी निकाय चुनाव पर महत्वपूर्ण चर्चा की वही नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओ को पार्टी द्वारा प्राथमिकता से उठाते हुए जनता के लिए काम करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू, लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला सचिव जीतेन्द्र कुमार सोनी, मानपुर मोहला प्रभारी श्रीमती चित्रा गुरुदेव, धन्वंतरी मिश्रा, राजेश मारकंडे, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप जंघेल, भागवत मारकंडे, रामकुमार, तीजराम वर्र्मा, राजेश्वरी वर्मा, राजीव यादव, गुनेश्वर वर्मा, मनहरण वर्मा, भरथरी वर्मा, जगतारण कुर्रे, निलेश सोनी सहित अन्य मौजूद थे जिन्होने संगठन को और अधिक गतिशील व मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के स्वागत में उमड़े कांग्रेसी

# संगठन को मजबूत और बूथ स्तर पर सक्रिय होकर काम करने का आह्वान

## डॉ. महंत ने कार्यकर्ताओं से की भेंट मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के शहर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और आतिशबाजी साथ गर्मजोशी से अभिनंदन बाद विधायक यशोदा वर्मा के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक भवन में उन्होने कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात किया।

आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में शहर के 20 वार्ड सहित जिले भर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ की मौजूदगी रही। कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से उत्साहित नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि यह जोश और एकजुटता आगामी नपा चुनाव में कांग्रेस की जीत का आधार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने व बूथ स्तर पर सक्रिय होकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ताकत और जनता का समर्थन ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि इसी तरह सभी मिलकर काम करेंगे तो आने वाले चुनावों में परिणाम निश्चित रूप से कांग्रेस के पक्ष में होंगे।




### भाजपा को कोसा, कहा : हर वर्ग परेशान

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। प्रदेश में अपराध, हत्या, चाकूबाजी और महिलाओं के खिलाफ घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान परेशान हैं और मजबूरी में निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। प्रदेशभर से किसानों की शिकायतें सामने आ रही हैं और कई स्थानों पर आंदोलन की स्थिति बनी हुई है। महंगाई के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है।

### *संगठन से बड़ा कोई नहीं*

*विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिस प्रकार उनके सहयोग से पहले उपचुनाव और बाद विधानसभा चुनाव में विजय मिली उसी तरह आगामी नपा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी का परचम लहराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक वर्मा ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों और सरकार की विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा की नाकामियों को जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनता की समस्याओं को लेकर सडक़ से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने आम लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिलाध्यक्ष कोमलदास साहू, जिपं सदस्य शताक्षी सिंह, संदीप सिरमौर, शत्रुघ्न चंदेल, राजकुमार पटेल, नीलेन्द्र शर्मा, सुनीलकांत पांडे, दीपक देवांगन, किशन रजक, रविंद्र सिंह गहरवार, नासिर मेमन, लाल टाकेश्वर शाह खुसरो, मोहित भांडेकर, विनोद ताम्रकार, सुरेंद्र शर्मा, हेमंत वैष्णव, जितेंद्र सिंह गौर, गिरधारी पाल, नीना ताम्रकार, आरती महोबिया, कपिनाथ महोबिया, संजू सिंह चंदेल, हिमांचल राजपूत, सोनू ढीमर, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखरदास वैष्णव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।*

# स्वच्छता व पोषण दिवस बैग से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी सुलभ व गुणवत्तापूर्ण बनाने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण दिवस बैग का वितरण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के मैदानी ढांचे को मजबूत और स्वास्थ्य सेवागतिविधियों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने विशेष रूप से तैयार बैग स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को उपलब्ध कराया गया हैं।

इनके माध्यम से आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहेगी, जिससे सेवाओं के संचालन में आसानी होगी। इस दौरान डीपीएम सोनल धुरव, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डाऊ मनीष बघेल, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूनिसेफ के सहयोग से तैयार बैग

*कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निर्देश दिए कि जिले की कोई भी गर्भवती महिला और कोई भी शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी करने व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर जोर दिया। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से तैयार किए गए इन बैगों में दवाइयां, जांच किट, अभिलेख संधारण सामग्री, सूचना-शिक्षा-संचार पुस्तिकाएं सहित अन्य आवश्यक संसाधन सुव्यवस्थित रूप से रखा जा सकता है। बैग में रक्तचाप मापक यंत्र, फेटल डॉप्लर, ग्लूकोमीटर, हीमोग्लोबिनोमीटर, वजन मापन उपकरण, ऊंचाई मापने का टेप सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच सामग्रियों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि गर्भवती माताओं, शिशुओं, किशोरियों एवं किशोरों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आकलन, परामर्श, टीकाकरण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन के लिए आवश्यक सामग्री इसी बैग में उपलब्ध रहेगी। इससे ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोष्क दिवस का आयोजन अधिक सुव्यवस्थित होगा वही समुदाय को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।*

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**अंबागढ़ चौकी।** जिला किसान कांग्रेस द्वारा कल 17 जून को दोपहर एक से तीन बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद किसानों को खाद बीज, डीजल, केसीसी ऋण, गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। कांग्रेस ने सभी विंग के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बुचीभरदा में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से क्रिकेट प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर व अध्यक्षता आरला-बुचीभरदा सरपंच साधना राहुल साहू ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। इसके बाद क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश देते युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने प्रेरित किया।

### *अधिक पौधे लगाएं*

*मुख्य अतिथि प्रतिमा ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वहीं टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। अध्यक्षता करते सरपंच साधना ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव को स्वच्छ, हरित और विकसित बनाने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। अतिथियों एवं ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। क्रिकेट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।*

# सूखे से लड़ाई में कारगर मॉडल बनी मनोहर गौशाला

## जल संरक्षण से बदल रही खेती



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस पर धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आई है। यहां जल संरक्षण, तालाब निर्माण और प्राकृतिक खेती के जरिए बंजर होती जमीन को फिर से उपजाऊ बनाया जा रहा है।

पिछले 12 सालों में इस पहल से जल स्तर सुधरा है और किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल रहा है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिल रहा है। गौशाला ने सूखा और भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए तालाब निर्माण और हरित क्षेत्र पर काम किया है। इससे बारिश का पानी संरक्षित हो रहा है और जमीन में नमी बनी रहती है। जैविक खाद और फसल अमृत जैसे उत्पाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ा रहे हैं। किसान अब रासायनिक खाद छोडक़र प्राकृतिक तरीके अपना रहे हैं, जिससे जमीन की सेहत सुधर रही है। यह पहल गांवों में टिकाऊ खेती का मजबूत उदाहरण बन रही है। गौशाला के प्रमुख ट्रस्टी डॉ अखिल जैन ने बताया कि देश के कई हिस्सों में जमीन बंजर हो रही है और पानी की कमी बढ़ रही है।

ऐसे में मनोहर गौशाला का मॉडल दिखाता है कि स्थानीय स्तर पर छोटे प्रयास से बड़ा बदलाव लाया जा सकता हैं। जल संरक्षण और प्राकृतिक खेती से जमीन को फिर से उपजाऊ बनाया जा सकता है और सूखे के असर को कम किया जा सकता है।

# भीषण गर्मी, स्कूल अवकाश माहांत तक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ गर्मी का विपरीत असर पड़ रहा बच्चों पर

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूल संचालन 10 से 4 बजे तक करने संबंधी आदेश से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर की संभावना वरूक्त करते हुए छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला अध्यक्ष रामलाल साहू ने कहा कि कई शालाओं में पंखे कूलर की व्यवस्था नहीं है जबकि गर्मी अपने चरम पर है।

40 डिग्री से पार तेज धूप और उमस से मासूम बच्चों को स्कूल मे 6 घंटे छत के नीचे बैठने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने उक्त आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इसी तरह बीते साल भी वीएसके एप के माध्यम से शिक्षकों को स्वयं के मोबाइल से आनलाइन उपस्थिति आदेश के चलते साइबर फ्राड का शिकार होना पड़ा था।

उस समय भी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन दिया जिसके चलते नियम शिथिल किया गया था लेकिन इस सत्र से फिर इसे लागू करना कई मायनों में अव्यवहारिक और असुरक्षित है। मोबाइल हैंक, साइबर क्राइम के अलावा सभी जगह बराबर नेटवर्क का नहीं होना भी बड़ी समस्या है।

### *ऑफलाइन उपस्थिति की सुविधा मिले*

*रामलाल साहू ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि सत्रारंभ के पहले दिन ही आनलाइन उपस्थिति डालने पर उनकी उपस्थिति ही चेक इन नहीं हुई इससे साफ पता चलता है कि कई जगहों पर अलग अलग समस्या से शिक्षकों को जूझना पड़ा। जिले के अधिकत्तर शिक्षकों के साथ इसी प्रकार की दिक्कत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि समय में उपस्थिति दर्ज नहीं होने और वेतन कटने के अलावा साइबर फ्राड की शंका से शिक्षक संवर्ग चिंतित हैं। उन्होने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री सहित शासन प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी और साइबर घटना, नेटवर्क समस्या को ध्यान रखते हुए स्कूल संचालन जुलाई से किया जाए और एवं आफलाइन उपस्थिति की सुविधा दी जाए।*

# बारिश पूर्व सड़क मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा मानसून के आगमन से पूर्व शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने व्यापक स्तर पर मरम्मत एवं संधारण कार्य किए जा रहे हैं। नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर की सड़कों पर गढ्डों को भरने तथा पेंचवर्क का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

गौरवपथ के किनारे निर्मित चबूतरे लंबे समय से उपयोग में होने के कारण कुछ स्थानों पर प्लास्टर उखडऩे की समस्या सामने आयी है। साथ ही वाहनों की टक्कर से भी कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन चबूतरों के मरम्मत एवं रंग-रोगन का कार्य प्रस्तावित है। जिससे गौरव पथ का सौंदर्य और आकर्षण बढ़ेगा। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट परिसर की बाउंड्रीवाल के आवश्यक मरम्मत कार्य भी संबंधित विभाग द्वारा कराए जाएंगे। वहीं सर्विस लेन के किनारे विकसित उद्यानों के पुराने हो जाने के कारण उनके उन्नयन एवं संधारण तथा शहर के सभी उद्यानों एवं हरित क्षेत्रों के समग्र मरम्मत और संधारण के लिए बजट प्रावधान संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात चरणबद्ध तरीके से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। इन प्रयासों से शहर की सुंदरता, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा आमजन को बेहतर सार्वजनिक अधोसंरचना का लाभ मिलेगा।

# प्ले ग्रुप एवं नर्सरी क्लास हेतु नि:शुल्क बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बारहवीं परीक्षा में लगातार दो साल डिस्ट्रिक्ट टॉपर देने वाली संस्था नीरज वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में प्लेग्रुप (प्री नर्सरी ) एवं नर्सरी क्लास में नवप्रवेशित बच्चों को राजनांदगांव से निःशुल्क बस सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष नर्सरी क्लास की संपूर्ण फीस 18000 एवं प्लेग्रुप (प्री नर्सरी) की 14000 रुपए है। जिसमें समस्त शुल्क शामिल है। प्लेग्रुप प्रवेश के लिए छात्र की उम्र 31 मार्च 2026 को 1 साल 6 माह से अधिक एवं नर्सरी प्रवेश हेतु 2 साल 6 महीने से अधिक होनी चाहिए।

संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि प्लेग्रुप और नर्सरी के पालक इस छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस हेतु सीमित सीट है। जिसमें यह सुविधा प्रदान की जा रही है। छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं यहां की उच्च व्यवस्थाओं का लाभ उठाने यह ऑफर आगे नवप्रवेशित बच्चों को सीमित सीट हेतु प्रदान किया जा रहा है। साथ ही संस्था में 11वीं क्लास हेतु ह्यूमैनिटीज (आर्ट) विषय गत वर्ष से प्रारंभ किया गया है। ज्ञात हो कि 12वीं की छात्रा स्वर सांखला ने 96.80 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही 7 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार दसवीं कक्षा में निशि बजाज ने 97.40 प्रतिशत अंक पाकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही 23 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु फिजिक्स वाला ग्रुप से संस्था द्वारा टाइअप किया गया है। जिसमें पीडब्लू भिलाई ब्रांच के शिक्षक राजनांदगांव बोरी स्कूल आकर ऑफलाइन कक्षाएं लेते हैं। आठवीं, नवमीं, दसवीं फाउंडेशन कोर्स तथा 11वीं एवं 12वीं आईआईटी एवं नीट की कक्षाएं इनके द्वारा ली जाती है। पीडब्लू की क्लास में प्रवेश लेने वाले छात्रों से एडमिशन फीस नहीं ली जाती है। इस वर्ष 11वीं सीबीएसई के साथ-साथ आईआईटी एवं नीट की तैयारी करने वाले छात्रों से सिर्फ 40000 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। प्रारंभ में ज्वाइन करने वाले 10 छात्रों के लिए यह छूट प्रदान की जा रही है। संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है इस संस्था में 40 बस एवं 10 छोटी गाड़ियां बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए उपयोग की जाती है। साथ ही दूर-दराज के छात्रों को सुबह दूध एवं गरम नाश्ते की सुविधा स्कूल में प्रदान की जा रही है।

## प्रदेश प्रवक्ता ने मोदी सरकार के 12 साल की उपलब्धियां गिनाई

# विकास के साथ 12 साल में हर वर्ग का उत्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मोदी सरकार के बारह साल को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से का करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनका यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक है।

पीएम मोदी खुद को प्रधान सेवक और 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास को मूल मानते हुए सतत सेवा करते हैं। इसी जन-विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। प्रदेश प्रवक्ता श्री चिमनानी ने कहा कि लगातार तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद पीएम ने सबसे पहला काम पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर करके किया।

यह इस बात का सीधा सबूत है कि इस सरकार के लिए गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ही सबसे पहले आते हैं। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं।




### बिना भ्रष्टाचार के सीधे खातों में पैसा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री चिमनानी ने कहा कि तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया। इससे देश के 4.31 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बच गए। देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है। देश आज नक्सलवाद से मुक्त हो गया है और हमारा रेड कॉरिडोर अब ग्रीन ग्रोथ जोन में बदल चुका है।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा विकास, जीवन खुशहाल

*प्रदेश प्रवक्ता श्री चिमनानी ने कहा कि 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोलने, कोरोना महामारी के वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ लोगो को मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, लखपति दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाओ के क्रियांवयन की जानकारी देते हुए कहा कि बीते 12 सालो में विकास के साथ ही सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव को भी नया मुकाम मिला है। भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को धरातल पर उतारा है। आज दुनिया मंच पर भारत एक समाधान देने वाले देश के रूप में मजबूती से खड़ा है। पूरी दुनिया को भारत पर पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री को मिले 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान और मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में 75 प्रतिशत एप्रुवल रेटिंग के साथ दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बनना हर एक भारतीय के लिए सम्मान की बात है। इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, महामंत्री शशांक ताम्रकार, उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा चौबे, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक विनय चोपड़ा व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी यतीश साहू उपस्थित थे।*

# गायत्री मंत्र की अनिवार्यता पर ईसाई समाज मुखर, जताई कड़ी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में गायत्री मंत्र की अनिवार्यता के फैसले पर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार द्वारा 16 जून से सभी शासकीय स्कूलों में सुबह और शाम की प्रार्थना के दौरान गायत्री मंत्र सहित विभिन्न मंत्रों के उच्चारण को अनिवार्य किए जाने के आदेश का ईसाई समाज ने कड़ा विरोध किया है। समाज ने इस नियम को अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों और शिक्षकों पर थोपने को गलत बताते इसे स्वैच्छिक रखने की मांग की है। इस संबंध में ईसाई समाज के अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने राज्य के मुख्य सचिव को एक आधिकारिक पत्र सौंपकर अपनी गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैद्ध उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

### यह है प्रमुख मांग

ईसाई समुदाय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए गायत्री मंत्र का उच्चारण पूरी तरह स्वैच्छिक किया जाए। उन्हें अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप इस प्रार्थना में सम्मिलित होने या न होने का अधिकार और संरक्षण दिया जाए।

### संविधान के अनुच्छेदों का दिया हवाला

*मुख्य सचिव को लिखे पत्र में ईसाई समाज के अध्यक्ष ने देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे और संवैधानिक अधिकारों की याद दिलाई है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। संविधान का अनुच्छेद 25 और 28 साफ तौर पर यह प्रावधान करता है कि शासकीय या सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में किसी भी छात्र या शिक्षक को किसी विशेष धार्मिक अनुष्ठान या प्रार्थना के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सरकार का यह नया नियम सीधे तौर पर संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।*

### *स्कूलों के समावेशी माहौल को खतरा*

*ईसाई समाज ने चिंता जताते कहा कि स्कूलों का वातावरण हमेशा से सर्वधर्म समभाव और समावेशी रहा है, जहां हर वर्ग के बच्चे एक साथ पढ़ते हैं। किसी भी एक धार्मिक विचार या मंत्र को अनिवार्य करने से अल्पसंख्यक समुदाय के मासूम बच्चों में असहजता और अलगाव की भावना पैदा हो सकती है, जो उनके मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए कतई उचित नहीं है।*

### *धार्मिक आस्था और स्वतंत्रता पर चोंट*

*श्री पॉल ने स्पष्ट किया कि गायत्री मंत्र हिंदू सनातन धर्म की आस्था और पवित्रता का एक अत्यंत आदरणीय प्रतीक है और समाज इसका पूरा सम्मान करता है, लेकिन ईसाई समुदाय के बच्चों और शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए इसका उच्चारण अनिवार्य करना उनकी अपनी धार्मिक मान्यताओं और अंतःकरण की स्वतंत्रता के विपरीत है। किसी पर भी उसकी इच्छा के विरुद्ध कोई धार्मिक आचरण नहीं थोपा जाना चाहिए।*

## सार समाचार

### सांसद व महापौर ने फोटो प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में जनसंपर्क विभाग द्वारा 15 से 17 जून तक महावीर चौक में



फ्लाई ओवर के नीचे उनकी उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। सांसद एवं महापौर ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण मौजूद रहे। फोटो प्रदर्शनी में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान जनमानस को जनसंपर्क विभाग की ओर से जनमन पत्रिका, सुशासन के नवीन आयाम किताब का वितरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनेश गांधी, राजेश श्यामकर, रघु शर्मा, बलवंत साहू, प्रखर श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, ईशान शर्मा, अरविंद बैद, हेतल भोजानी, सज्जन सिंह ठाकुर, सतीश यादव, अश्विनी, परमेश्वर लहरे, मनोज साहू सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत की साधारण सभा में किसानों का सम्मान

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की अध्यक्षता में



आयोजित हुई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले के लिए प्रेरणा बने किसानों को सम्मानित किया गया। किसानों के सम्मान के साथ ही बैठक में जल जीवन मिशन, शिक्षा, कृषि, श्रम, महिला एवं बाल विकास तथा खेल विभागों की गतिविधियों पर गंभीर चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू सहित जिला अतिरिक्त किरणा बारले, शीला सिन्हा, देवकुमारी साहू, जागृति यदु, बिरम मंडावी, अनिता मंडावी, अंगेश्वर देशमुख, प्रशांत कोड़ापे, गोपाल सिंह भुआर्य, संजय सिन्हा, रंजिता पटौती, लता सिन्हा उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्तर के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत विगत साधारण सभा में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई।

### ठेकेदार पर हुई कार्रवाई का खुलासा करने की मांग

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल



ने मुख्यमंत्री एवं सचिव से राजनांदगांव से मोहला-मानपुर सड़क के 290 करोड़ के फर्जी दस्तावेज से टेंडर लेने वाले दुर्ग के ठेकेदार पर हुई कार्रवाई का खुलासा करने की मांग की।

श्री ओस्तवाल ने प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के सचिव से मांग करते कहा कि सांसद संतोष पांडे द्वारा राजनांदगांव से मोहला-मानपुर के बीच लगभग 290 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना में शासन के नियम विरूद्ध फर्जी दस्तावेज लगाकर जो टेंडर में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों आदि की मिलीभगत से ठेकेदार दुर्ग के अमर बिल्डर्स को लाभ पहुंचाने से संबंधित जो शिकायत सचिव लोकनिर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन से 5 माह पूर्व लगभग की गई थी और उक्त फर्जी दस्तावेज से टेंडर लेने वाले दुर्ग के ठेकेदार अमर बिल्डर्स के खिलाफ सांसद की शिकायत के बाद उक्त ठेकेदार और विभागीय दोषी अधिकारियों के खिलाफ जो जांच करवाई गई और उक्त दोषियों के खिलाफ विभागीय जांच में जो जांच प्रतिवेदन रिपोर्ट अधिकारियों के द्वारा प्रेषित की गई है, उसका खुलासा करते संबंधित दुर्ग के ठेकेदार अमर बिल्डर्स के खिलाफ उक्त शिकायत के बाद आज तक क्या कार्रवाई हुई है, उसे सार्वजनिक किया जाए। उक्त ठेकेदार के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने के मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जाए।

### चौपाटी के पास से हटाया ठेला-खोमचा

**राजनांदगांव।** रानीसागर के किनारे ठेला-खोमचा वाले एवं अन्य लोगों द्वारा कचरा फेंकने पर फैली गंदगी की आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने



सफाई अभियान चलाकर कचरा उठा चौपाटी के आसपास से ठेला-खोमचा हटाए। उल्लेखनीय है कि चौपाटी के आसपास ठेला-खोमचा वालों द्वारा रानीसागर के किनारे कचरा डालने से गंदगी फैल गई थी। साथ ही नागरिकों द्वारा भी तालाब के आसपास कचरा फेंकने से किनारे में कचरा फैल गया था। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा सफाई कर ठेला=खोमचा हटाने के निर्देश दिए थे। निगम का अतिक्रमण दस्ता व स्वास्थ्य अमला रानीसागर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर जेसीबी से कचरा निकाल टिप्पर से कचरा हटाए। इसके अलावा चौपाटी के आसपास से अवैध रूप से रखे एवं खुले ठेले हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज अतिक्रमण व स्वास्थ्य अमला द्वारा सफाई कर अवैध ठेला-खोमचा हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से ठेला लगा यातायात बाधित करने वाले एवं गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। रानीसागर या तालाब के आसपास कचरा डालने या गंदगी फैलाने पर दंडात्मक कार्रवाई करें।

## निधन



### सावित्री देवी सिंघल

**राजनांदगांव।** बल्देवबाग निवासी सावित्री देवी सिंघल (89 वर्ष) धर्मपत्नी स्वर्गीय नथमल सिंघल का 16 जून को शाम लगभग 5 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। परिवारजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कल 17 जून को सुबह 11 बजे किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निज निवास बलदेवबाग से प्रस्थान कर लखोली मुक्तिधाम पहुंचेगी। वे संतोष सिंघल, अशोक सिंघल एवं प्रदीप सिंघल की माताजी तथा निकुंज प्रेमप्रकाश सिंघल की दादी थी।



### योगमाया शुक्ला

**राजनांदगांव।** अनुपम नगर की स्थाई निवासी लेखिका श्रीमती योगमाया शुक्ला आज सुबह अपने पुणे स्थित निवास में नहीं रही। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार पुणे में ही संध्या संपन्न हुआ। वे राजनांदगांव जिले की प्रथम महिला अधिवक्ता थी तथा सामाजिक सुधार सामाजिक समरसता की पक्षधर थी। वे अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# 2025 में चयनित यूपीएससी के आठ अभ्यर्थी देंगे करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने 20 जून को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में यूपीएससी 2025 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को एक मंच के माध्यम से उनके द्वारा अपनी तैयारी को बेहतर करने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा।

### अनुभव करेंगे साझा



इस अवसर पर सफल अभ्यर्थी अपने अनुभव साझा करते सिविल सेवा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने योजनाबद्ध एवं प्रभावी तैयारी के संबंध में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं तथा विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की गई है।

### युवाओं के प्रश्नों का देंगे जवाब

*कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2025 में चयनित अनुज अग्निहोत्री, राघव झुनझुनवाला, दिशांत निसार, वैभवी अग्रवाल, सुष्मिता सिंह, अजय गुप्ता, डायमंड ध्रुव, संजय डहरिया द्वारा जिले के युवाओं को भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा के अध्ययन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं के जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सफल अभ्यर्थी यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन रणनीति, समय प्रबंधन, विषय चयन, परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी के अलावा महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी किया जाएगा।*

### टीएल की बैठक में योग दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वृहद स्तर पर दिग्विजय स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076 में विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें। इसके लिए लगातार ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने खरीफ 2026 सीजन में खाद-बीज वितरण एवं भंडारण और खेती-किसानी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लेने



किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। जिले के 98 हजार 682 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण हो चुका है। शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय की मरम्मत एवं अधोसंरचना की मजबूती के लिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा की गई घोषणा को प्राथमिकता देते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी ली। जिले में 3479 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा चुका है।

#### हितग्राहियों का करें चिन्हांकन

*कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जिले के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को हितग्राहियों की चिन्हांकन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के 4328 हितग्राहियों को अब तक ऋण का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।*

#### 97 फीसदी ई-केवाईसी

*कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिले में योजना के अंतर्गत 97 प्रतिशत महिलाओं का ई-केवाईसी सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य सीधे संपर्क कर शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।*

#### आवेदनों की समीक्षा

*कलेक्टर ने सुशासन तिहार, भूमि अर्जन एवं मुआवजा के प्रकरणों सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कार्यपालन अभियंता लोक सेवा यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होने पर संबंधितों को भुगतान की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सभी विभाग गुणवत्तापूर्वक प्राथमिकता के साथ करें।*

### 21 को जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते सुबह 7 से 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय को नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव गौतमचंद पाटिल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

### नशा निवारण दिवस 26 को

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर 26 जून को नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाएगा। नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने का प्रयास किया जाएगा।

## अवैध रूप से शराब ले जाते दो पकड़े गए, 80 पौवा बरामद, बाइक जब्त

**खैरागढ़।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर



कार्रवाई की है। आरोपियों से 80 पौवा शराब बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार केसीजी पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ठेलकाडीह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 पौवा देशी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई है।

#### नाकाबंदी कर पकड़ा

*पुलिस के मुताबिक 15 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक से अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मरकामटोला मोड़ के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गौरव योगी 20 वर्ष एवं प्रकाश पटेल 25 वर्ष निवासी दाउदौरा खैरागढ़ बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से 40 पौवा शोले प्लेन एवं 40 पौवा सुपर-36 प्लेन देशी शराब कुल 80 पौवा शराब बरामद हुई। जिसकी अनुमानित कीमत 6,400 रुपए है। आरोपियों द्वारा शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने शराब एवं बाइक को जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना ठेलकाडीह में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया तथा 16 जून को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।*

## जरूरतमंदों के लिए फरिश्ता बने अजनबी

**राजनांदगांव।** अस्पतालों में जब रक्त की कमी के कारण मरीजों की सांसें अटक जाती है और परिजन मदद की तलाश में भटकते हैं, तब एक नाम अक्सर राहत बनकर सामने आता है यूनुस अजनबी। जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते विश्व रक्तदाता दिवस पर उन्हें रक्त अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।



भिलाई के कला मंदिर में सेवक जनफाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्त अलंकरण सम्मान समारोह में यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के संयोजक एवं राजनांदगांव जिले के गौरव यूनुस अजनबी को यह सम्मान प्रदान किया गया। वर्षों से वे सिकलसेल और थैलेसीमिया पीड़ितों, सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने यूनुस अजनबी की सराहना की। यूनुस की टीम ने सैकड़ों मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर नई जिंदगी देने में अहम भूमिका निभाई है। यही वजह है कि आज उनका नाम रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में एक भरोसे के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे। इस अवसर पर विकास जायसवाल, राज आढ़तिया, हनी गुप्ता, गुलशन पटेल, जाहिद अली सहित आशीर्वाद ब्लड बैंक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने कहा कि रक्तदान महादान है और यूनुस अजनबी जैसे लोग समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं।

### 3 एनसीसी कैडेट्स का 'ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप' में चयन



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स का चयन आगामी 'अखिल भारतीय ट्रैकिंग अभियान एमपी और सीजी ट्रैक -3 अमरकंटक' के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तर का शिविर कल 17 से 24 जून तक अमरकंटक की पहाड़ियों में आयोजित किया जाएगा। इन छात्रों का चयन 38 सीजी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित एटीसी-123 कैंप में उनके अनुशासित व्यवहार और शारीरिक कौशल के आधार पर किया गया है। जिसमें नागेश निषाद कक्षा 10वीं, यशदीप चौहान कक्षा 9वीं एवं प्रियांशु नाग कक्षा 9वीं शामिल हैं। इस उपलब्धि पर संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा व आदित्य अग्रवाल एवं प्राचार्य रेखा तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने चयनित तीनों छात्रों को शुभकामनाएं देते कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि छात्र राष्ट्रीय स्तर के साहसिक अभियान में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### सम्मान समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** विश्व रक्तदाता दिवस पर मां कर्मा रक्तवीर क्लब एवं बालाजी ब्लड बैंक द्वारा रक्तवीरों का महावीर सम्मान समारोह आयोजित किया है। जिसमें जिले के समाज से संगठन व रक्तवीरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, मदन साहू, नागेश यदु एवं अन्य शामिल उपस्थित थे। महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में बालाजी ब्लड बैंक, छात्र युवा मंच व मां कर्मा रक्तवीर क्लब की सराहना की। उन्होंने राजनांदगांव के प्रत्येक रक्तदाता को जीवनदाता कहा। विशिष्ट अतिथि कोमल जंघेल ने राजनांदगांव में पूर्व में हुए रक्तदान व वर्तमान में हुए रक्तदान की तुलना वर्तमान में किए रक्तदान रक्तवीरों को सम्मानित किया एवं गौरवान्वित किया। छात्र युवस मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने शहर को रक्तवीरों का शहर बनाने का संकल्प लिया। धनेश जंघेल ने भी अपने विचार रखे।

### निर्वाचित अध्यक्ष ने की पूर्व सीएम से भेंट

# घुमका की जीत 2028 की जीत का संकेत अभी से जुट जाएं कांग्रेस कार्यकर्ता : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा तथा विजयी पार्षदगणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके भिलाई निवास पर सौजन्य भेंट की।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घुमका नगर पंचायत चुनाव में मिली शानदार जीत पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विजयी जनप्रतिनिधियों को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी तथा उनके सफल जनसेवी कार्यकाल के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें घुमका नगर पंचायत



चुनाव की परिस्थितियों, संगठनात्मक प्रयासों तथा चुनावी रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। नेताओं ने घुमका की जीत को कांग्रेस की एकजुटता, सामूहिक नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया।भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन का एक-एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है और उसकी मेहनत तथा प्रतिबद्धता ही कांग्रेस को जनता के बीच मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि जब संगठन एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरता है तो जीत

#### संगठन को बनाए मजबूत

*पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनना प्रदेश के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा आम जनता के हित में आवश्यक है। इसके लिए सभी कांग्रेसजनों को अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना चाहिए। साथ ही कांग्रेसजनों के आग्रह पर उन्होंने आगामी घुमका नगर पंचायत शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नवाज खान, जिला कांग्रेस महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव, गौरव शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# कोटपा एक्ट के तहत 107 प्रकरणों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान एवं तम्बाकू सेवन करने वालों तथा स्कूल-कॉलेजों के आसपास तम्बाकू उत्पादों का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत विगत एक माह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कोटपा एक्ट के अंतर्गत कुल 107 प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों का सेवन करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू उत्पादों का विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

#### अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई

विगत एक माह के दौरान थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई जिसमें 67 प्रकरणों में कार्रवाई कर 13,400 रुपए तथा थाना छुईखदान द्वारा 40 प्रकरणों में कार्रवाई कर 8,000 रुपए का शुल्क वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 107 प्रकरणों में कार्रवाई करते 21,400 रुपए का शुल्क लिया गया।

#### अभियान जारी रहेगा

केसीजी पुलिस द्वारा आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी पालन हेतु यह अभियान लगातार जारी है। आगे भी सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान एवं तम्बाकू उत्पादों के अवैध विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मोहगांव में नौ दिवसीय श्री शिवपुराण कथा आयोजित




**मोहगांव।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मोहगांव में आशुतोष नीलकंठ साम्ब सदाशिव की असीम अनुकंपा से ग्राम मोहगांव में भोलाराम चंद्रवंशी के गृह निवास में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया, श्री शिवमहापुराण कथा वाचक लक्ष्मीनिवास पाण्डेय ने शिव की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि शिव जी ही विश्व के कल्याण का देवता है, उनके विभिन्न अवतारों की कथा शिव-पार्वती विवाह की अद्भुत कथा एवं द्वादश ज्योतिलिंग की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने गुढ़ार्थ बताई। उन्होंने आगे शिव की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा एक शिव की भक्ति से ही शक्ति की प्राप्ति होती है, शिव की विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुए कहा कि सत्य ही शिव है शिव ही सुंदर है, मनुष्य को मानव कल्याण एवं शिव की आरधना कर मोक्ष की प्राप्ति के लिए एक अच्छा मार्ग शिव ही है। श्री शिव महापुराण के परायण कर्ता पं राजेश्वर पाण्डेय ज्योतिषविद के द्वारा सम्पन्न हो रहा है, ज्ञात हो कि श्री शिवपुराण कथा के पंचम दिवस में ग्राम मोहगांव सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजन कथा श्रवण पान करने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण किए। जिसमें कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक भक्तजनों को श्री शिवमहा पुराण कथा कराया जा रहा है। जिससे आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### विवेकानंद हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**कवर्धा।** स्वर्गीय टेकसिंह पाली स्मृति में संचालित विवेकानंद हाई स्कूल, रामनगर कवर्धा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र मेहंक ठाकुर (पिता अवध ठाकुर) ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी प्रकार लता श्रीवास (पिता रामचंद श्रीवास) ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समीर कुमार साहू (पिता कैलाश साहू) 81.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं प्राची चौबे (पिता चुड़ामनी चौबे) ने 79.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा तथा मोहनी साहू (पिता कोमल साहू) ने 79.33 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा केंद्रीकृत परीक्षा में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सुकली गोविंद में बूथ सशक्तीकरण पर बैठक संपन्न

**कुण्डा।** शक्ति केंद्र सुकली गोविंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर बूथ पर मासिक बैठक को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार व अन्य स्थानीय विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में एवं मण्डल प्रभारी पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रूपेश जैन एवं मण्डल संयोजक जिला कार्यकारणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम के शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सेवाराम कुर्रे एवं कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सभापति अश्वनी यदु द्वारा शक्ति केंद्र सुकली गोविंद में बूथ स्तरीय मासिक बैठक लिया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। तय हुआ कि हर महीने के अंतिम रविवार को सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना जाएगा। साथ ही सरकार की योजना अनुसार शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर महीने में एक बार अनिवार्य बैठक रखने का निर्णय लिया गया। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाई जाएगी। वहीं लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, महतारी वंदन जैसे योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बीएलए-2 सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर बूथ को मजबूत कर 2026 के आगामी लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

### सेवाराम बने सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष



**कुण्डा।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रवीण कुमार दुबे की सहमति एवं दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के अनुशंसा से भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला कार्यकारणी की घोषणा की सूची जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के आदेशानुसार जिला भाजपा महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर ने सोमवार को जारी की जिसमें 1 संयोजक, 1 सह संयोजक, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मिडिया प्रभारी, 1 कार्यालय प्रभारी व 11 कार्यकारणी सदस्य की नियुक्ति की गई। जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सेवाराम कुर्रे को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया, उनके कोषाध्यक्ष मनोनयन के खबर सामने आते ही भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओ और समर्थकों में खुशी व्याप्त हैं। वहीं सेवाराम कुर्रे को नए दायित्व मिलने पर भाजपा के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### विद्यार्थियों ने लिया 11 दिवसीय समर कैंप का आनंद

**कवर्धा।** पंडरिया। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय पंडरिया मे आयोजित 11 दिवसीय समर कैंप का भरपूर आनंद विद्यार्थियों ने लिया। इस आयोजन मे बच्चों ने योग शिक्षा संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट स्पोर्ट्र्स, ड्राइंग, स्पोकन इंग्लिश, कबाड़ से जुगाड आदि गतिविधियों को विषय विशेषज्ञ के मार्ग दर्शन मे सीखा। हंसते खेलते उत्साह रोमांच से भरपूर बच्चों ने अपनी रुचि अनुरूप गतिविधियों मे सहभागिता की। समर केंप का शुभारंभ 4 जून को मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं समर कैंप के शिक्षकों के सम्मान के साथ किया गया। योग, शिक्षा, खेल का दायित्व सगराम चंद्रवंशी एवं खेल शिक्षक कैलाश देवांगन ने संभालते हुए बच्चों को भरपूर आनंद का अनुभव कराया। आर्ट एंड क्राफ्ट मे विभिन्न प्रकार की आकर्षक कला कृतियों का निर्माण क्ले आर्ट मिट्टी के खिलौने बर्तन आदि निर्माण कला विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षिका श्रीमती माधुरी मंडपे ने बड़े ही सरल और आकर्षक तकनीक से सिखाया। पेंटिंग कला प्रशिक्षण कवर्धा से आए शिक्षक सात्विक सत्यवंशी एवं विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा अभिलाषा मिश्रा जो जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव मे चित्रकला मे पुरस्कार प्राप्त है ने सरल तकनीक के माध्यम से दिया। विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार शुक्ला ने बताया की इस कार्यक्रम मे स्थानीय कलाकारों ने भी अमूल्य सहयोग विद्यार्थियों को उत्साह बढ़ाने के लिए दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पालक सदस्य एवं शिक्षक शिवकुमार बंजारे ने बच्चों को अनुपयोगी चीजों से उपयोगी चीजों का निर्माण सिखाया। साथ ही साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने सहभागिता की और वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी छात्राओं को सहभागिता प्रशस्ति पत्र एवं प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अनुशासन बनाए रखने और विशिष्ट सहयोग करने वाले शिक्षक थानुराम साहू, विद्यालय सुरक्षा प्रभारी भूखन यादव को भी सम्मानित किया गया।

## खेती-किसानी : बारिश के आगमन के बाद नर्सरी तैयार करने का कार्य शुरू

# क्षेत्र में हाइब्रिड धान बीज की खरीददारी तेज किसान खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के किसान धान की खेती की तैयारियों में जुट गए हैं। कृषि केंद्रों और बाजारों में हाइब्रिड धान बीजों की खरीददारी जोर-शोर से चल रही है। किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद में नई और उन्नत किस्मों के बीज खरीद रहे हैं, ताकि समय पर नर्सरी तैयार कर खेतों में रोपाई का कार्य किया जा सके।

कबीरधाम जिला कृषि प्रधान क्षेत्र माना जाता है, जहां बड़े पैमाने पर धान की खेती की जाती है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था होने के कारण हर वर्ष धान का रकबा भी बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए किसान अभी से बीज, खाद और अन्य कृषि सामग्री की व्यवस्था में जुटे हैं।

बारिश के आगमन के बाद नर्सरी तैयार करने का कार्य शुरू होता है। वहीं नर्सरी में नियमित सिंचाई और देखभाल के बाद धान के पौधे तैयार होते हैं, जिन्हें अच्छी वर्षा होने पर खेतों में रोपा जाता है। इसके बाद लगभग 90 दिनों में फसल पककर तैयार हो जाती है। क्षेत्र के कई किसान सिंचाई साधनों की उपलब्धता के कारण नर्सरी तैयार कर चुके हैं, जबकि जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है, वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हल्की बारिश के बाद भी कुछ किसानों ने नर्सरी तैयार करने का काम शुरू कर दिया है।

### क्षेत्र के किसानो को मानसून की सक्रियता और अच्छी बारिश की इंतजार



आषाढ़ माह को खेती-किसानी का प्रमुख समय माना जाता है। इस माह में अच्छी वर्षा होने पर किसानों में उत्साह बढ़ जाता है। हालांकि वर्तमान में किसान मानसून की सक्रियता और अच्छी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। खेतों की साफ-सफाई और तैयारी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है तथा किसान पूरी तरह कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं। बिजली समस्या से बढ़ी चिंता क्षेत्र के कुछ किसानों ने बताया कि बिजली आपूर्ति में बाधा आने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे नर्सरी तैयार करने में कठिनाई हो रही है। किसानों का कहना है कि समय पर पर्याप्त बिजली और बारिश मिलने पर धान की खेती बेहतर ढंग से की जा सकेगी।

# एप के जरिये ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना शिक्षको के लिए बनी परेशानी

## शिक्षकों में वेतन कटौती अथवा वेतन रोकने की आशंका को लेकर चिंता व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य में 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ सभी विद्यालय खुल गए हैं, लेकिन शिक्षकों के लिए वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा द्वारा बताया गया की शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही सभी शिक्षक विद्यालयों में अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करें तथा अवकाश आवेदन भी ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करें।

विभाग द्वारा यह भी कहा गया है कि यदि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित शिक्षक एवं संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे तथा जून माह का वेतन रोका जा सकता है। इन्हीं निर्देशों के पालन में आज शिक्षकों ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से वीएसके ऐप में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का प्रयास किया, किंतु सुबह से ही सर्वर संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण अधिकांश शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके।

फेडरेशन पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों से दूरभाष पर चर्चा करने पर जानकारी मिली कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में सर्वर डाउन होने के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाई। इससे शिक्षकों में वेतन कटौती अथवा वेतन रोकने की आशंका को लेकर चिंता व्याप्त है। जिले में भी दिनभर सर्वर संबंधी समस्याएं बनी रहीं, जिसके कारण जिले के अनेक शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके। यदि मैदानी क्षेत्रों में यह स्थिति है, तो सुदूर वनांचल एवं नेटवर्क प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षकों को होने वाली कठिनाइयों का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी तथा नवीन ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर शासन से मांग की है कि वीएसके ऐप के माध्यम से अनिवार्य ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश पर पुनर्विचार किया जाए तथा पूर्व की भांति ऑफलाइन उपस्थिति व्यवस्था को मान्यता प्रदान की जाए।

### तकनीकी समस्या के लिए केवल शिक्षक जिम्मेदार क्यों?

फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों का कहना है कि यदि वीएसके ऐप में तकनीकी खामियां या सर्वर संबंधी समस्याएं हैं, जिसके कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है, तो इसके लिए शिक्षकों को दोषी ठहराना उचित नहीं है। तकनीकी बाधाओं के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शिक्षकों के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई अथवा वेतन रोकने जैसे कदम न्यायसंगत नहीं होंगे।

# विधायक ने किया अटल उद्यान भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत मोहतरा कला में निर्मित अटल उद्यान भवन का लोकार्पण पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा विधायक का बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत की इस पहल की सराहना की तथा सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अटल उद्यान भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक एवं सार्वजनिक चर्चाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा गांव के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी ने बताया कि अटल उद्यान भवन का निर्माण ग्रामीणों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। यहां बैठने की समुचित व्यवस्था, आकर्षक उद्यान, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे गांव के युवा, बुजुर्ग एवं सभी वर्गों के लोग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक चर्चाओं के लिए एक स्थान पर एकत्रित हो सकेंगे। विशेष बात यह है कि ग्राम पंचायत मोहतरा कला के सरपंच द्वारा स्वयं के व्यय से अटल उद्यान भवन का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पंडरिया जनपद क्षेत्र में यह अपनी तरह की अनूठी पहल है, जिसकी चर्चा आसपास के गांवों में भी हो रही है। ग्रामवासियों ने श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी को निर्विरोध सरपंच चुनकर गांव के विकास की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वे लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, किशोर सानू तिवारी, ओमप्रकाश यदु, जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी, मनहरण साहू, विकास पांडे, कपिल चंद्राकर, मोहन चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, भागीरथी सोनवानी, संतोष चंद्रवंशी, अमन खनूजा, श्रीमती भानुमति साहू, शेखर सिंगरौल, दिनेश चंद्रवंशी, कल्प चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, उपसरपंच ईश्वरी यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी ने विधायक भावना बोहरा एवं उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# यादव समाज को सामुदायिक भवन की मिली सौगात



■ चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं श्रीमती मनीषा साहू ने किया भूमिपूजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राधा कृष्ण वार्ड नंबर 20 स्थित यादव समाज सामुदायिक भवन में अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु विधायक निधि मद अंतर्गत 15 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में किया।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यादव समाज सामुदायिक भवन में अतिरिक्त भवन तैयार किए जाने हेतु उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 15 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान किया गया, जिसका निविदा प्रक्रिया का पालन किया जाकर कार्यादेश प्रदान किया गया। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु उपस्थिति अतिथियों के साथ भूमिपूजन किया गया।

वही जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिस पर यादव समाज ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभापति बिहारी धुर्वे, पार्षद सौखीराम अहिरवार, देवा साहू, राजू पाण्डेय, संजीव कुर्रे, सुनील साहू, हरीश साहू, यादव समाज प्रमुख गोलू यादव, धनीराम यादव, कनस यादव, राकेश यदु, हीरामणि ग्वाला, शत्रुहन यादव, संजय यादव, गौकरण यादव, संजू यादव, गया यादव तथा वार्डवासी गण उपस्थित थे।

### विधायक निधि से 15 लाख रूपए की मिली स्वीकृति

श्रीमती मनीषा अनिल साहू ने बताया कि यादव समाज के प्रमुखों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात करते हुए यादव समाज की बाहुलता एवं भवन की स्थिति की जानकारी दिया गया था तथा अतिरिक्त भवन निर्माण किए जाने हेतु राशि की मांग किया गया था। उन्होनें बताया कि उप मुख्यमंत्री ने यादव समाज की मांग को ध्यान में रखते हुए 15 लाख रूपए की स्वीकृति विधायक निधि से प्रदान किया गया। विधायक निधि राशि प्राप्त होने उपरांत नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार निविदा आमंत्रित कर ठेकेदार को कार्यादेश प्रदान किया गया। नपाध्यक्ष सहित उपस्थित पार्षदगण, यादव समाज के लोगों द्वारा भूमिपूजन कार्य संपन्न कराया गया है वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू ने बताया कि विधायक निधि राशि मिलने से यादव समाज में हर्ष व्याप्त है, उन्होनें सभी यादव समाज को बधाई देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी का आभार व्यक्त किया।

### लायन प्रेमचंद डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के आनरेरी गवर्नर मनोनीत, प्री कैबिनेट मीटिंग में हुआ मनोनयन

**कवर्धा।** लायंस क्लब के फाउंडर मेम्बर, पांच बार के अध्यक्ष व डिस्ट्रिक्ट के कई महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर चुके एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल को सत्र 2026-27 के लिए आनरेरी गवर्नर के पद पर मनोनीत किया गया है। डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के आगामी सत्र के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने बिलासपुर में 13-14 जून को संपन्न प्री कैबिनेट मीटिंग तक्षशिला में इस आशय की घोषणा की। इस अवसर पर इंटरनेशनल डायरेक्टर पीएमजेएफ लायन कुलभूषण मित्तल सहित अनेक पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उपस्थित थे। लायन प्रेमचंद इसके पूर्व 2021-22 के सत्र में भी आनरेरी गवर्नर मनोनीत किए जा चुके हैं। मनोनयन के बाद उपस्थित लायन पदाधिकारियों और सीनियर लीडर्स को संबोधित करते हुए प्रेमचंद ने छोटे नगरों में सेवाकार्य कर रहे क्लब्स के समक्ष आनेवाली समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे क्लब्स में जहां ग्रामीण इलाकों में सेवाकार्यों के अनेक अवसर मिलते हैं, वहीं क्लब्स को स्थापित रखने के लिए चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्लब्स के पदाधिकारी निरंतर अच्छे सेवाकार्य करें और समाज में एक सकारात्मक प्रभाव डालकर आगे बढ़ें।

# नव-नियुक्त बीईओ ने संगठन प्रतिनिधिओं के साथ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नव-नियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया दीपक सिंह ठाकुर ने सोमवार को स्कूल ब्लॉक के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने सभी संघ प्रतिनिधियों से शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा किया। उन्होंने सभी संगठन के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए समय पर विद्यालय पहुंचे तथा शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए सहयोग प्रदान करेंगे।

शिक्षक विद्यालय में केवल ड्यूटी समझकर कार्य करने के बजाय अपने घर या व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का कोई भी समस्या होने पर तत्काल निराकरण किया जाएगा। मेडिकल बिल, अवकाश सहित कई कार्यालयीन कार्य जिसमें विलंब होता है, उन कार्यों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि कोई भी आवेदन या फाइल उनके कार्यालय में नहीं रुकेगा। उन्होंने पुराने रुके हुए कार्य की भी जानकारी ली तथा संगठन प्रमुखों से सुझाव भी मांगे। सभी संघ प्रमुखों द्वारा कुछ समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने निराकरण के निर्देश सम्बन्धित लिपिक को दिया।

इस दौरान बीआरसीसी राममुरारी यादव, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद साहू सहित कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही साथ संघ प्रमुखों से बैठक के पूर्व दीपक सिंह ठाकुर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में नीम का पौधरोपण किया। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों व शिक्षकों को पौधरोपण करने की अपील की। इस दौरान प्रफुल्ल बिसेन, शत्रुहन डड़सेना, ऋषि कुमार महरा, मोहन राजपूत, सुरेश ठाकुर, संतोष सोनी, राजेश पाण्डेय, परस राम अंचल, रघुनन्दन गुप्ता, होरीलाल गबेल व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** पहले दिन बच्चे गर्मी में तो शिक्षक व्हिएसके एप के चलते रहे परेशान

# कामचलाऊ विभागीय व्यवस्थाओं के साथ जिले में नया शिक्षा सत्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी बगैर कोई विशेष तैयारी के जिले में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ कर दिया। पहले दिन जहां कई स्कूलों में बच्चों की न के बराबर औपचारिक उपस्थिति देखने को मिली तो कई स्कूलों के पट ही नहीं खुले। हालांकि इन सब के बीच प्रशासन ने शाला प्रवेश उत्सव की औपचारिकाएं पूरी कर ली और नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया।

दूसरी तरफ पूर्व बगैर किसी समुचित तैयारी के वेतन रोकने की भय पैदा कर व्हिएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति की अनिवार्यता के चलते शिक्षा सत्रारम्भ के पहले दिन जिले के शिक्षक विद्यालयीन व्यवस्था को गति देने के बजाय ऑनलाइन उपस्थिति दिखाने में लगे नजर आए। विद्यालय में समय पर उपस्थिति के बाद भी ज्यादातर शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सका, जिससे शिक्षक स्कूल के पहले दिन परेशान रहे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का स्पष्ट कहना है कि हमें ऑनलाइन उपस्थिति से आपत्ति नहीं है, बल्कि शिक्षकों के स्वयं के मोबाइल में ऑनलाइन उपस्थिति के लिए बाध्य करने पर आपत्ति है। ऑनलाइन उपस्थित के लिए शासन-प्रशासन की ओर से संसाधन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि शासन-प्रशासन, जिस प्रकार से ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर लगा रहा है, उससे प्रतीत होता है कि उन्हें अपने अधिकारियों पर भरोसा नहीं है।

विद्यालय के निरीक्षण के लिए पांच स्तर संकुल, ब्लॉक, जिला, संभाग व प्रदेश स्तर पर अधिकारी चिन्हांकित हैं, उनके निरीक्षण व अवलोकन पर भरोसा क्यों नहीं? ऑनलाइन जानकारी से डेटा में सुधार तो दिखाई दे सकता है, लेकिन केवल डेटा सुधार से शैक्षिक गुणवत्ता की अपेक्षा नहीं किया जा सकता। ऑनलाइन उपस्थिति के नाम से शिक्षकों में भय का माहौल पैदा करने के बजाय शैक्षिक गुणवत्ता के लिए उन्हें प्रोत्साहन व सपोर्ट करने की आवश्यकता है।

स्कूल के पहले ही दिन शिक्षकगण अन्य आवश्यक कार्य छोड़कर घंटो ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में लगे रहे, जिन शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाया, वे जून माह की वेतन रुकने के नाम से भयभीत रहे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न होने पर शिक्षकों के जून माह का वेतन रोकने संबंधी आदेश को तत्काल वापस लेकर प्रत्येक स्कूल को इसके लिए संसाधन उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### गर्मी से बच्चे हलाकान परेशान




वर्तमान में पड़ रहे गर्मी व बिजली के आंख मिचौली से बच्चे परेशान नजर आए। कई स्कूलों में जलस्तर नीचे चले जाने से पानी के कारण बेचैन रहे। शासन-प्रशासन को स्कूलों में मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए।

### पांचवी-आठवीं की अंकसूची के बगैर प्रवेश प्रभावित

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कक्षा पांचवीं व आठवीं की जिला स्तर पर केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित किया गया, जिसका आधे-अधूरे परीक्षा परिणाम विगत अप्रैल में घोषित किया गया। अब नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो गया है, लेकिन पांचवी व आठवीं की अंकसूची बच्चों को अब तक नहीं मिल पाया है। अंकसूची नहीं मिलने के कारण छठवीं व नवमीं कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रहा है। शासन प्रशासन को ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर लगाने के बजाय इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर देखा जाए नए शिक्षा सत्र में विभागीय खामियाजा बच्चों व शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है।

# घटिया धान बीज के वितरण से खपरी के किसान नाखुश



■ कलेक्टर से शिकायत कर की जांच व कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खपरी कृषक सेवा सहकारी समिति में बीज निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया धान बीच गुणवत्ता विहीन बताया जा रहा है।

ग्राम खपरी के कृषक दिनेश चन्द्रवंशी पिता चन्द्रिका चन्द्रवंशी , विकास चन्द्रवंशी सहित अन्य किसानों ने बताया कि ग्राम खपरी कृषक सेवा सहकारी समिति में बीज निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया धान का बीज करगा नामक खरपतवार से ग्रसित है, जो सीधे तौर पर उत्पादन को प्रभावित करता है जिससे किसानो को भारी नुकसान होने की संभावना है। किसाना ने बताया कि करगा वाली फसल मण्डी या समर्थन मूल्य पर नहीं बिकती है। बावजूद इसके किसानो को बीज नियम द्वारा गुणवत्ता विहीन धान का बीज उपलब्ध कराना समझ से परे है। किसानो ने इस मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर से करते हुए बीज निगम द्वारा आबंटित धान बीज की जांच कराए जाने और किसानो के साथ इस तरह का छल करने वाले विभाग के दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### किसानो को करनी पड़ रही भारी मसक्कत

किसानो ने बताया कि बीज निगम द्वारा खपरी समिति में सप्लाई किए गए घटिया धान बीज के उठाव के बाद किसानो को भारी मसक्कत करनी पड़ रही है। किसान धान बीज की बोआई के पहले उसे साफ करने में जुटे हैं। जिसमें भारी समय के साथ कड़ी मेहनत भी लग रही है।

## खबर संक्षेप

### मानस मिश्रा बने अभाविप के जिला संयोजक



**पाण्डातराई।** राजिम में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन अवसर पर संगठनात्मक घोषणाएं की गईं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विकास पांडेय द्वारा विभिन्न दायित्वों की घोषणा करते हुए युवा छात्र नेता मानस मिश्रा को कबीरधाम जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया। मानस को संगठन में यह दायित्व मिलने से उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में उत्साह देखा जा रहा है।

### विपत्तिग्रस्त परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत ग्राम धोबघट्टी निवासी कृष्णा की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उसके विपत्ति ग्रस्त उनके भाई जियाराम को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक आज

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बैठक 17 जून 2026 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य कार्यों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओं ने संबंधित अधिकारियों ने बैठक संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# नशे व असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक स्वयं मैदान में उतरकर विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने घोठिया रोड सहित कवर्धा शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं सुनसान क्षेत्रों का रात्रिकालीन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों एवं सुनसान इलाकों में बैठकर शराब सेवन करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनसे पूछताछ की गई तथा उन्हें थाना लाकर आवश्यक समझाइश दी गई। साथ ही ऐसे लोगों को सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि कबीरधाम पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता जिले के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है।

नशे, असामाजिक गतिविधियों तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की सक्रिय उपस्थिति के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन का विश्वास मजबूत करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि देर रात सुनसान स्थानों पर अनावश्यक जमावड़ा लगाने वाले लोगों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

संभावित अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा नियमित गश्त, चेकिंग एवं निगरानी अभियान संचालित किया जा रहा है। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### लापरवाह वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही



विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी सख्त चालानी कार्रवाई की गई। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों, बिना नम्बर प्लेट के वाहन संचालित करने वालों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।

# छिरहा में अध्यापन प्रारम्भ बच्चों को वितरित की पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारम्भ होने के पहले दिन 16 जून से अध्यापन प्रारम्भ कर दिया गया है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने पोषित शालाओं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरदा, बिरुटोला, छिरहा एवं घोठिया से आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के पालकों से अपने पाल्य को नवमीं में अविलम्ब प्रवेश दिलाने का आव्हान किया है, ताकि विद्यार्थी पढ़ाई में पिछड़ने न पाए। साथ ही हाई स्कूल छिरहा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों से अपने पाल्य को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आव्हान किया है। विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के पहले दिन मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं विद्यार्थियों का गुलाल से स्वागत पश्चात निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया। विद्यालय में बनाये गए सेल्फी जोन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लिया। इस दौरान व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित

### बाजार में बढ़ी जामुन की आवक...



**कवर्धा।** नगर के बाजार में पहुंची मौसमी जामुन, बिक रही है सौ रूपए किलो।

# कचरा प्रबंधन के लिए गांवों में विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा जिले की 471 ग्राम पंचायतों में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्रामीणों को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर पहुंचकर ट्राइसाइकिल के माध्यम से गीला, सूखा, सेनेटरी तथा विशेष कचरे को अलग-अलग संग्रहित करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा उसके पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के महत्व के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में नारा लेखन, चित्रकला, चैपाल, रैली, वार्डवार बैठक एवं घर-घर संपर्क जैसे विभिन्न माध्यमों से लोगों को स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता ग्राही ग्रामीणों को खुले में कचरा नहीं फेंकने, प्लास्टिक नहीं जलाने तथा प्लास्टिक कचरे को नालियों, तालाबों एवं नदियों में नहीं डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखे तथा उसका उचित स्थान पर निपटान सुनिश्चित करे। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ गांवों के निर्माण में भी मदद मिलेगी।




### कचरा संग्रहण होगा आसान

जिला समन्वयक संजय सोनी ने जनपद पंचायत लोहारा के ग्राम पंचायत बिरेंद्रनगर, अचनाकपुर एवं हथलेवा में आयोजित बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत स्वच्छता ग्राही दीदियां एवं पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने से उसके संग्रहण, परिवहन एवं निपटान की प्रक्रिया अधिक सरल और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना इस अभियान की सफलता संभव नहीं है। ग्रामीणों के सहयोग और जागरूकता से ही स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल गांवों का निर्माण किया जा सकेगा।

**मोदी सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद**

# लाभार्थियों से भाजयुमो पदाधिकारियों ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कबीरधाम द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में भाजयुमो जिला जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतिम वनांचल ग्राम तेलियापानी, पुटपुटा, भाखूर और छिन्दीडीह पहुंची, जहां बैगा आदिवासी परिवारों एवं वनवासी बंधुओं से उनके आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की गई। भाजयुमो जिला अध्यक्ष उमंग पांडेय के द्वारा अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।



साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव और जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति जानी गई।

ग्रामीणों ने बताया कि आवास, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और किसान हितैषी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पांडातराई, मोहगांव, पंडरिया एवं कुई-कुकदूर मंडल में विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी पहुंचकर हितग्राहियों और ग्रामीणों से संपर्क किया। जिसमे संजुराम बैगा रसलू बैगा भोलाराम टेकान तिलक राम यादव संतराम बैगा लामू राम बैगा बिरसू बैगा राकेस पंदराम संतराम परस्ते मांघी राम यादव एव अन्य लाभार्थीयो से भेट मुलाकात की।

### योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य: उमंग

भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने बताया कि जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझना भी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा जनसेवा, राष्ट्रहित और अंत्योदय के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस संपर्क अभियान में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उमंग पाण्डेय भाजयुमो जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी जी , भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नरोत्तम साहू जी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुदर्शन कुंभकार, नरेश चंद्रवंशी मनीष चंद्रवंशी झयकुमार चंद्रवंशी संतराम उदय मानिकपुरी धुर्वे ,शिवचरण यादव भोलाराम टेकम यशवंत श्रीवास विजय गाड़ेवालरामेश्वर रामफल यादव, पूरन सिंह राजपूत, हरि साहू श्रवण साहू, सतीश यादव, परस राम साहू, मनोज यादव, राजबिहारी ठाकुर, भेखू साहू, प्रमोद यादव, हिरा साहू आदि उपस्थित रहे।

# जिले में 18 से 20 जून तक अनुभाग स्तर पर लगाए जाएंगे वृहद शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपनी आईडी में प्राप्त प्रकरणों की लगातार समीक्षा करें तथा समय-सीमा के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह निर्देश समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 18 से 20 जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर “विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के” कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार की। जनकल्याणकारी तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक राजस्व अनुभाग स्तर पर तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लिए नए पंजीयन, त्रुटि सुधार एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी एसडीएम को कार्यक्रम के लिए उपयुक्त स्थल चयन कर आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन एवं लाभ वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड के लंबित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 18 से 20 जून तक आयोजित शिविरों में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का पंजीयन सुनिश्चित करने, ग्रामवार जानकारी उपलब्ध कराने तथा जनप्रतिनिधियों एवं मैदानी अमले के सहयोग से व्यापक मोबिलाइजेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए अगले सप्ताह तक स्वीकृत लेकिन अप्रारंभ सभी आवासों का निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा।